Maharshi Dayanand University Rohtak
May 23 at 3:46 PM ·

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में लेखा परीक्षण आपत्तियों, अनुरोधों एवं अग्रिमों के निपटान पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

रोहतक, 23 मई। विश्वविद्यालय की वित्तीय प्रक्रिया और भी अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आज महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज द्वारा एफडीसी सेमिनार हॉल में लेखा परीक्षण आपत्तियों, अनुरोधों एवं अग्रिमों के निपटान पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट ने कहा कि लेखा परीक्षण आपत्तियाँ केवल वित्तीय दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे जवाबदेही, पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन का प्रतिबिंब होती हैं। समयबद्ध और सटीक निपटान से संस्थान की छवि और विश्वसनीयता को बल मिलता है। उन्होंने विवि कर्मियों को समय पर एडवांस एडजस्ट करने और किसी भी सहयोग के लिए अकाउंट ब्रांच की सहायता लेने का सुझाव दिया।

रिसोर्स पर्सन वित्तीय सलाहकार एन.आर .शर्मा ने लेखा परीक्षण की प्रक्रिया, कैग टिप्पणियाँ, अग्रिमों के समायोजन, अनुरोधों के उत्तर देने की प्रणाली, तथा नियमों और प्रक्रियाओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने प्रतिभागियों को केस स्टडी और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विषय की जटिलताओं को सरल रूप में समझाते हुए व्यावहारिक जानकारी साझा की।

एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज के कोऑर्डिनेटर डा. अनार सिंह ढुल कार्यक्रम का संचालन किया। अंत में आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऑडिट पैरा, रिक्विजिशन और एडवांसेज के प्रभावी एवं नियमानुसार निपटान के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें इस संबंध में व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।

एकेडमिक स्टाफ कालेज के असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर नितिन सिवाच ने संचालन सहयोग दिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इस तरह के ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी प्रशिक्षण आयोजन की सराहना की और आग्रह किया कि इस प्रकार की पहल को नियमित रूप से जारी रखा जाए। इस कार्यक्रम में एमडीयू के विभागों के अध्यक्ष, प्राध्यापक, शाखा प्रभारी, अधिकारी एवं कर्मी शामिल हुए।

# MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK
N-201-10,000
**Public Relations Office**
Name of the Publication ........ दैनिक जागरण "जागरण सिटी रोहतक"
Date 24-05-25.. Page ......III...... Column.....4.....
Subject ........ लेखा परीक्षण आपत्तियों, अनुरोधों के बारे दिया प्रशिक्षण


## लेखा परीक्षण आपतियों, अनुरोधों के वारे दिया प्रशिक्षण

जागरण संवाददाता • रोहतक : विश्वविद्यालय की वित्तीय प्रक्रिया और भी अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज की ओर से एफडीसी सेमिनार हाल में लेखा परीक्षण आपत्तियों, अनुरोधों एवं अग्रिमों के निपटान पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट ने कहा कि लेखा परीक्षण आपत्तियां केवल वित्तीय दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे जवाबदेही, पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन का प्रतिबिंब होती हैं। समयबद्ध और सटीक निपटान से संस्थान की छवि और विश्वसनीयता को बल मिलता है।

रिसोर्स पर्सन वित्तीय सलाहकार एनआर शर्मा ने लेखा परीक्षण की प्रक्रिया, कैग टिप्पणियां, अग्रिमों के समायोजन, अनुरोधों के उत्तर देने की प्रणाली, तथा नियमों और प्रक्रियाओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया।

N-201-10,000

**MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK**

**Public Relations Office**

Name of the Publication ....पंजाब केसरी (ह) रोहतक केसरी....

Date 24.05.25..... Page ....III.... Column....7-8....

Subject महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में लेखा परीक्षण कार्यक्रम....

# महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में लेखा परीक्षण व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

रोहतक, 23 मई (ब्यूरो) विश्वविद्यालय की वित्तीय प्रक्रिया और भी अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आज महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज द्वारा एफडीसी सैमीनार हॉल में लेखा परीक्षण आपत्तियों, अनुरोधों एवं अग्रिमों के निपटान पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट ने कहा कि लेखा परीक्षण आपत्तियाँ केवल वित्तीय दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे जवाबदेही, पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन का प्रतिबिंब होती हैं। समयबद्ध और सटीक निपटान से संस्थान की छवि और विश्वसनीयता को बल मिलता है। उन्होंने विवि कर्मियों को समय पर एडवांस एडजस्ट करने और किसी भी सहयोग के लिए अकाउंट ब्रांच की सहायता लेने का सुझाव दिया।

रिसोर्स पर्सन वित्तीय सलाहकार एन.आर .शर्मा ने लेखा परीक्षण की प्रक्रि या, कैग टिप्पणियाँ, अग्रिमों के समायोजन, अनुरोधों के उत्तर देने की प्रणाली, तथा नियमों और प्रक्रियाओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने प्रतिभागियों को केस स्टडी और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विषय की जटिलताओं को सरल रूप में समझाते हुए व्यावहारिक जानकारी साझा की। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज के कोऑर्डिनेटर डा. अनार सिंह ढुल कार्यक्रम का संचालन किया। अंत में आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऑडिट पैरा, रिक्विजिशन और एडवांसेज के प्रभावी एवं नियमानुसार निपटान के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें इस संबंध में व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। अकैडमिक स्टाफ कालेज के असिस्टैंट कोऑर्डिनेटर नितिन सिवाच ने संचालन सहयोग दिया। कायक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इस तरह के ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी प्रशिक्षण आयोजन की सराहना की और आग्रह किया कि इस प्रकार की पहल को नियमित रूप से जारी रखा जाए। इस कार्यक्रम में एमडीयू के विभागों के अध्यक्ष, प्राध्यापक, शाखा प्रभारी, अधिकारी एवं कर्मी शामिल हुए।

N-201-10,000

# MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK

## Public Relations Office

Name of the Publication: दैनिक सवेरा

Date: 24-05-25 Page: 5 Column: 1-2

Subject: एमडीयू में लेखा परीक्षण आपत्तियों, अनुरोधों एवं..

## एमडीयू में लेखा परीक्षण आपत्तियों, अनुरोधों एवं अग्रिमों के निपटान पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**सवेरा न्यूज/ संजीव कौशिक रोहतक, 23 मई :** विश्वविद्यालय की वित्तीय प्रक्रिया और भी अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज द्वारा एफडीसी सेमिनार हॉल में लेखा परीक्षण आपत्तियों, अनुरोधों एवं अग्रिमों के निपटान पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट ने कहा कि लेखा परीक्षण आपत्तियाँ केवल वित्तीय दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे जवाबदेही, पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन का प्रतिबिंब होती हैं। समयबद्ध और सटीक निपटान से संस्थान की छवि और विश्वसनीयता को बल मिलता है। उन्होंने विवि कर्मियों को समय पर एडवांस एडजस्ट करने और किसी भी सहयोग के लिए अकाउंट ब्रांच की सहायता लेने का सुझाव दिया। रिसोर्स पर्सन वित्तीय सलाहकार एन.आर .शर्मा ने लेखा परीक्षण की प्रक्रिया, कैग टिप्पणियां, अग्रिमों के समायोजन, अनुरोधों के उत्तर देने की प्रणाली, तथा नियमों और प्रक्रियाओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया।

N-201-10,000

# MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK

## Public Relations Office

Name of the Publication ...अमर उजाला "My city रोहतक"

Date 24-05-25 Page 04 Column 8

Subject ...आपत्तियां पारदर्शिता का प्रतिबिंब : मुकेश

# आपत्तियां पारदर्शिता का प्रतिबिंब : मुकेश

रोहतक। एमडीयू में वित्तीय प्रक्रियाओं को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह व सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका विषय लेखा परीक्षण आपत्तियों, अनुरोधों व अग्रिमों का निपटान रहा। यह कार्यक्रम एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज की ओर एफडीसी सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया।

वित्त अधिकारी मुकेश ने कहा कि लेखा परीक्षण आपत्तियां सिर्फ वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि जवाबदेही, पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन का प्रतिबिंब होती हैं। उन्होंने समयबद्ध और सटीक निपटान के महत्व पर जोर दिया।

रिसोर्स पर्सन वित्तीय सलाहकार एनआर शर्मा ने लेखा परीक्षण की प्रक्रिया, कैग टिप्पणियां, अग्रिमों के समायोजन, अनुरोधों के जवाब देने की प्रणाली और संबंधित नियमों व प्रक्रियाओं का प्रस्तुतीकरण दिया। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज के कोऑर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने कार्यक्रम का संचालन किया। संवाद
























Bisleri







